सुशासन सूचकांक, 2021 में हरियाणा

चर्चा में क्यों?

25 दिसिंबर, 2021 को सुशासन दविस के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमति शाह के द्वारा सुशासन सूचकांक जारी किया गया, जिसमें ग्रुप 'ए'में हरियाणा को चतुर्थ रैंक प्राप्त हुआ है। वहीं गुजरात को प्रथम रैंक प्राप्त हुई है।

प्रमुख बिंदु

- जीजीआई-2021 में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को चार श्रेणियों- समूह ए, समूह बी, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश में बाँटकर रैंकिंग दी गई है। जीजीआई-2021 तैयार करने के लिये 10 क्षेत्रों के 58 संकेतकों पर विचार किया गया है।
- हरियाणा ने सुशासन सूचकांक की समग्र रैंकिंग में 5.327 स्कोर के साथ ग्रुप 'ए'में चतुर्थ रैंक प्राप्त की है।
- हरियाणा के पिछले सूचकांक (2019) की तुलना में इस वर्ष के स्कोर में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछली बार इसका स्कोर 5.00 था, जो अब बढ़कर 5.33 हो गया है।
- हरियाणा ने मूलत: कृषि और संबद्ध क्षेत्र, सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिता क्षेत्र, आर्थिक शासन क्षेत्र तथा समाज कल्याण एवं विकास क्षेत्र में सुधार किया है।
- सुशासन सूचकांक 10 क्षेत्रों पर आधारित है, जिसमें हरियाणा की रैंकिंग तथा स्कोर निम्नलिखित हैं-

क्षेत्र	हरियाणा की रैंकिंग	स्कोर
1. कृषि और संबद्ध क्षेत्र	द्वितीय	0.507
2. वाणिज्य एवं उद्योग क्षेत्र	चतुर्थ	0.657
3. मानव संसाधन विकास क्षेत्र	द्वितीय	0.696
4. सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र	10वीं	0.431
5. सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिता क्षेत्र	तृतीय	0.791
6. आर्थिक शासन क्षेत्र	6वीं	0.570
7. समाज कल्याण एवं विकास	10वीं	0.392
8. न्यायिक एवं सार्वजनिक सुरक्षा	9वीं	0.213
9. पर्यावरण क्षेत्र	9वीं	0.153
10. नागरिक केंद्रित शासन	प्रथम	0.914

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-in-good-governance-index-2021